Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to include Chhattisgarhi language in the Eighth Schedule to the Constitution-laid.

श्री अरूण साव (बिलासपुर): भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री माननीय श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी ने छत्तीसगढ़ को देश का 26वां राज्य बनाया । सांस्कृतिक दृष्टि से छत्तीसगढ़ की एक अलग विशिष्ट पहचान एवं इतिहास रहा है । इसी तरह छत्तीसगढ़ी भाषा का इतिहास भी समृद्धशाली एवं गौरवशाली इतिहास रहा है । राज्य की बहुसंख्यक जनता की भाषा अन्य क्षेत्रीय बोलियों के साथ संपर्क भाषा छत्तीसगढ़ी ही है । राजकीय प्रयोजनों के लिए प्रयुक्त की जाने वाली भाषा के रूप में हिन्दी के अलावा छत्तीसगढ़ी को मान्यता दी गई है, प्रतिवर्ष 28 नवम्बर को छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस मनाया जाता है । अतः मैं भारत सरकार से छत्तीसगढ़ी को आठवीं अनुसूची में शामिल किए जाने की मांग करता हूं ।